पायनियर

नई दिल्ली, शनिवार, 31 मई, 2025

आधुनिक सुविधाओं के साथ आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करती है नमो भारत

● वातानुकूलित प्रणाली और चुनिंदा दरवाजे खोलने वाली प्रणाली भी शामिल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर वर्तमान में दौड़ रही नमो भारत ट्रेनें यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं के जरिए आरामदायक और सुखद यात्रा का अनुभव प्रदान कर रही हैं।

इन आधुनिक सुविधाओं में भारत में पड़ने वाली गर्मी को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई वातानुकूलन प्रणाली और चुनिंदा दरवाजे खोलने वाली प्रणाली भी शामिल है। यात्रियों

की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए ट्रेनों को एक उन्नत प्रणाली से लैस बनाया गया है, जिसमें यात्री के बटन दबाने पर ही दरवाजे खुलते हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआरटीसी ने एक बयान में बताया कि भारत में पहली बार पेश किया गया यह पैसेंजर कंट्रोल मोड डिब्बे के अंदर ठंडक को बनाए रखने में मदद करता है और ऊर्जा की खपत को काफी कम करता है। प्रत्येक डिब्बे में दो उच्च क्षमता वाली एचवीएसी (हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग) इकाइयां हैं, जो लगभग 25 डिग्री सेल्सियस के तापमान को बनाए रखने के लिए एक साथ काम करती हैं। यह प्रणाली विभिन्न मौसमों के अनुकूल है, जिससे यात्रियों को गर्मी, सर्दी या मानसून में आराम मिलता है। बयान के मुताबिक, यह सुविधा राहत देने वाली है, खास तौर पर गर्मियों के उन महीनों के दौरान जब सड़क पर यात्रा करने वाले लोगों को अक्सर गर्मी और धूल का सामना करना पड़ता है। नमो भारत ट्रेनों के अंदर स्वच्छ, जलवायु-नियंत्रित वातावरण विद्यार्थियों, कार्यालय जाने वालों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक पसंदीदा विकल्प साबित हो रहा है। बयान में बताया गया कि इसके अलावा स्टेशनों में प्रीमियम लाउंज में आराम के लिए बड़े पंखे लगे हैं और यात्रियों को मुफ्त में स्वच्छ व शुद्ध पेयजल उपलब्ध है। सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनें वर्तमान में दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक 55 किलोमीटर की दूरी पर चलती हैं, जिसमें 11 स्टेशन शामिल हैं, न्यू अशोक नगर, आनंद विहार, साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदी नगर साउथ, मोदी नगर नॉर्थ और मेरठ साउथ। एनसीआरटीसी इस वर्ष के अंत में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर ट्रेन चलाने के लिए काम कर रहा है।

जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि.

गृहे सौख्यम् विराजते

कॉर्पोरेट कार्यालय/प्रधान कार्यालयः GICHFL, नेशनल इंश्योरेंस बिल्डिंग 6वीं मंजिल, 14, जमशेदजी टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई – 400020।
दूरभाष संख्या– 022–43041900। ईमेलः investors@gichf.com, corporate@gichf.com वेबसाइटः www.gichfindia.com
गुड़गांव शाखा क्षेत्र कार्यालयः यूनिट 3001–3002, एमजीएफ मेट्रोपोलिस मॉल, एम.जी. रोड, गुड़गांव, हरियाणा–122002 ईमेलः gurgaon@gichfindia.com
कार्यालय दूरभाषः 0124–4008202, 0124–4008280, 0124–4008208।
संपर्क व्यक्तिः श्री मुर्तुजा खान (प्राधिकृत अधिकारी) 8769054480, श्री. नितेश कुमार (9876264551)

ई–नीलामी बिक्री सूचना

ई–नीलामी तिथि : 30-06-2025 / बोली जमा करने की अंतिम तिथि : 28-06-2025

जैसा कि वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत जीआईसी हाउसिंग फाइनांस लि.(जीआईसीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी के निम्न ऋणधारकों/ मार्टगेंजरों को मांग सूचना जारी कर उक्त सूचनाओं में वर्णित बकाया राशि पुनर्भुगतान करने का निर्देश दिया। लेकिन, ऋणधारक/ मार्टगेजर उक्त राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने निम्न सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा कर लिया है:

क्र. सं.	ऋण फाइल सं./कर्जदार /सह–कर्जदार/गारंटर का नाम/शाखा का नाम	सम्पत्ति का पता/सम्पत्ति का क्षेत्रफल (निर्मित वर्ग फीट में)	मांग सूचना जारी होने की तिथि	भौतिक कब्जा की तिथि	31.05.2025 तक कुल बकाया (पीओएस, ब्याज एवं अन्य प्रभारों सहित) (रुपयों में)	आरक्षित मूल्य (रुपयों में)
1	UP0510610004133 / 050079982 / अखिलेश माहेश्वरी / कविता अग्रवाल	दूसरी मंजिल पर फ्लैट नं. एस–2,, प्लॉट 854 पर निर्मित, सेक्टर–1, वसुंधरा, गाजियाबाद, तहसील और जिला गाजियाबाद यू.पी–201012 (484 वर्ग फीट)	10-02-2020	09-02-2021	3816198/-	2115080/-
2	DL0510610007493 / 050121011 / सरफराज आलम	फ्लैट नं. सी–001, ऊपरी भूतल, प्लॉट नं. ए1/3, खसरा नं. 488/1 में से, वार्ड नं. 201, गांव मोलरबंद, बदरपुर, नई दिल्ली–110044. (750 वर्ग फीट)	23-09-2021	29.09.2022	4368426/-	2835750/-
3	DL0510610006322 / 050107397 / जितेंद्र जे/हेमंत/बीना देवी /रवि कुमार (गारंटर)	संपूर्ण तीसरी मंजिल (छत के अधिकार के साथ), संपत्ति नं. एस–39, खसरा नं. 49 में से, वार्ड–127, ब्लॉक–एस, गांव बिंदापुर, परमपुरी, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059. (360 वर्ग फीट)	21-11-2022	25-08-2023	2117622/-	1539000/-
4	DL0510610002830 / 050060690 / हरीश कुमार गोयल	मकान नं. 1411/97, दूसरी मंजिल (दाहिनी ओर), पुराना प्लॉट नं. 370 (पिछला हिस्सा), खसरा नं. 620/552/243/1/1, गली नं. 95, गांव–चौकरी, मुबारकाबाद, गणेशपुरा–ए, त्रि नगर, दिल्ली 110035 (405 वर्ग फीट)	01-06-2018	07-02-2019	3513938/-	1539000/-
5	HR0510610006070 / 050101791 / पंकज कुमार गुप्ता/रूबी गुप्ता	फ्लैट नं. 001, ऊपरी भूतल, खसरा नं. 2681 में से, वार्ड 6, गांव अशोक विहार –2, गुरुग्राम, हरियाणा–122001 (600 वर्ग फीट)	09-06-2022	23-01-2023	2608065/-	2394000/-
6	UP0510610003318 / 050069320/ जाकिर हुसैन	फ्लैट नं. 408, तीसरी मंजिल, एमआईजी, बिल्डिंग का नाम लक्ष्मी हाइट्स, प्लॉट नं. 50 और 51, खसरा नं. 46 में से, साई गार्डन, गांव–चिपयाना, बुजुर्ग, तहसील–दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर–201310 (650 वर्ग फीट)	12-07-2021	22-12-2021	2183417/-	1343062/-
7	UP0510610002397 / 050052658 / दीन मोहम्मद / जीनत झां	फ्लैट नं. यूजीएफ–6, ऊपरी भूतल पर, टॉवर 4, द पाम वैली, खसरा नं. 784/1 में से, इंडेन गैस एजेंसी के पास, गांव बिसरख, जलालपुर, तहसील दादरी, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश.201301 (415 वर्ग फीट)	10-12-2019	09-02-2021	1917764/-	1301025/-
8	UP0510610003117 / 050066424 / अंकित यादव	फ्लैट नं. 239, दूसरी मंजिल पर, ब्लॉक–जी, गुलमोहर एस्टेट, सेक्टर– पी1–01, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश. 201310 (430 वर्ग फीट)	10-02-2020	09-02-2021	3022525/-	1593150/-
9	UP0510610004891 / 050088889 / वीरेंद्र वी/जितेंद्र कुमार/अखिलेश कुमारी	फ्लैट नं. 204, दूसरी मंजिल, प्लॉट नं. 133, 134, 135 और 136 पर, खसरा नं. 41 में से, साईं सिटी, गांव शाहबेरी, तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.203207 (625 वर्ग फीट)	09-12-2019	09-02-2021	3275585/-	1959375/-
10	UP0510610002495 / 050054633 / सचिन श्रीवास्तव	पूर्ण तीसरी मंजिल, प्लॉट सं. 478, नीति खंड–3, इंदिरापुरम, तहसील और जिला गाजियाबाद, उ.प्र.201014 पर निर्मित (334 वर्ग फीट)	30-11-2022	25-08-2023	1830652/-	1371657/-
11	UP0510610001518 / 050028669 / अमरजीत कुमार	फ्लैट संख्या यूजीएफ 03, ऊपरी भूतल पर, प्लॉट संख्या सी–33 और 34, खसरा सं. 154बी, साईं उपवन, गांव–यूसुफपुर, चकशाहबेरी, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.– 201309 पर स्थित (450 वर्ग फीट)	28-06-2021	24-12-2021	1590286/-	897750/-
12	UP0510610005630/050090927 / बलवीर बी / राजबीरी	फ्लैट संख्या–104, ऊपरी भूतल, यूनी वन रेजीडेंसी, प्लॉट संख्या–20 और 21, खसरा संख्या 90 में से, वार्ड संख्या–35, गांव–अकबरपुर बेहरामपुरी, गाजियाबाद.201001 (380 वर्ग फीट)	23-02-2023	25-08-2023	1393914/-	902500/-
13	UP0510610006583/050106511 / पाल विश्वजीत/अजय श्रीवास्तव (गारंटर)	फ्लैट संख्या टीएफ–2 तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. 108 ए, खसरा नं. 78 एम, सुदामा पुरी, कृष्णा वाटिका, गांव डूंडाहेड़ा, गौर सिटी –2 के पास, गाजियाबाद, यू.पी. 201009 (702 वर्ग फीट)	13-02-2023	25-08-2023	2993001/-	2200770/-
14	DL0510610007013 / 050113533 / आलोक आनंद	तीसरी मंजिल (बाएं सामने की तरफ) (छत के अधिकार के साथ), प्लॉट नं. 155 का हिस्सा, खसरा नं. 84 में से, ब्लॉक–वी, गांव बिंदापुर, भगवती विहार, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059. (450 वर्ग फीट)	15-06-2023	31-10-2023	2093350/-	1859625/-
15	HR0510610004732 / 050087740 / तेजपाल/रेणु	फ्लैट नं. 3, ऊपरी भूतल, प्लॉट नं. 797 ए, वार्ड नं. 11, गांव– गुड़गांव, महालक्ष्मी गार्डन, राजेंद्र पार्क, गुरुग्राम, हरियाणा–122001 (500 वर्ग फीट)	30-11-2022	25-08-2023	2592301/-	1785000/-
16	DL0510610007851/050125617 / मुरारी कुमार झा/ महालक्ष्मी देवी	ऊपरी भूतल (पीछे की तरफ एलएसएच), प्राइवेट फ्लैट नं. 104, संपत्ति नं. 227 और 228, खसरा नं. 15/12 में से, ब्लॉक–ई, गांव मटियाला, मनसा राम पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली–110059. (367 वर्ग फीट)	07-05-2024	03-08-2024	1600056/-	1640753/-
17	DL0510610005786/050099633 / एस्टॉमी डे/सुब्रत डे	संपत्ति नं. 50, पूरी तीसरी मंजिल पर (छत/टेरेस अधिकारों के साथ), खसरा नं. 67/8,9,11,12 में से, गांव हस्तसाल वार्ड नं. 122, आवासीय कॉलोनी जिसे ओम विहार फेज–V के नाम से जाना जाता है, उत्तम नगर, दिल्ली–110059 में स्थित, (450 वर्ग फीट)	07-05-2024	03-08-2024	1709770/-	1987875/-
18	DL0510610003087 / 050065589 / गोपाल सिंह/पूजा	आवासीय फ्रीहोल्ड प्लॉट नं. जी–46, ऊपरी भूतल (पीछे की तरफ), खसरा नं. 15/20/2 और 15/21 में से, गांव मिर्जापुर, महावीर एन्क्लेव–1, नई दिल्ली–110045 (360 वर्ग फीट)	26-03-2024	03-08-2024	2284522/-	1470600/-
19	HR0510610003525/050072069/ विपिन कुमार	मकान नं. 1460, गली नं. 38, खसरा नं. 17/12, 13/2,18/1, 19/1, वार्ड नं. 12, गांव धनकपुर, जिसे अब सूरत नगर के रूप में जाना जाता है, गुरुग्राम, हरियाणा–122001 (378 वर्ग फीट)	10-02-2020	09-02-2021	3791293/-	2192600/-
20	DL0510610007497 / 050120391 / रुबीना रॉबर्ट/डोनाल्ड दास	फ्लैट नं. टी–2, तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. 2/75, सेक्टर–2ए, वसुंधरा, गाजियाबाद–201012 (484 वर्ग फीट)	30-11-2022	25-08-2023	2849274/-	2254788/-
21	UP0510610002493/050054703/ मोहम्मद आरिफ	फ्लैट नं. डी–6, तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. एफ–20 और 21, खसरा नं. 156ए में से, साई उपवन, गांव यूसुफपुर, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 (360 वर्ग फीट)	03-08-2017	08-10-2018	2517696/-	1094400/-
22	DL0510610005652/050098101/ राहुल राव/श्यामोली रॉय	ख. नं.–24/8, यूजीएफ फ्रंट राइट साइड, प्लॉट–31/32/33, श्री चंद पार्क, बीएलके–बी, वार्ड–136, मटियाला, पश्चिमी दिल्ली,दिल्ली –110059 (750 वर्ग फीट)	09-01-2024	20-03-2024	5607837/-	4096875/-

ई–नीलामी की तिथि एवं समयः 30-06-2025 को 3.00 बजे अप. से 4.00 अप. तक प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ वेब पोर्टल (https://www.bankauctions.in पर) ऑन लाइन पद्धति से अथवा जीआईसीएचएफएल के ऊपर वर्णित कार्यालय में ईएमडी एवं केवाईसी के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र में निविदा/मुहरबंद बोली जमा करने की अंतिम तिथि 28-06-2025 को 5.00 बजे अप. तक।

उपरोक्त परिसम्पत्तियों/सम्पत्तियों की नीलामी बिक्री (सरफैसी अधिनियम, 2002 के नियमों एवं शर्तों तथा उसके अंतर्गत नियमों के अनुसार) के लिये इस सार्वजनिक सूचना के अधिक्रम में ''जैसा है जहां है आधार'' तथा ''जो कुछ भी वहां है आधार'' पर उक्त सम्पत्तियों को खरीदने के लिये मुहरबन्द लिफाफे अथवा ऑनलाइन पद्धति में जीआईसीएचएफएल द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित है:

नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें इस प्रकार होंगी:

1. ई–नीलामी ''जैसा है जहां है आधार'' , ''जो भी जैसा है आधार'', ''जो कुछ भी वहां है आधार'' तथा ''उपचार-रहित आधार पर आयोजित होगी तथा ''ऑनलाइन'' संचालित की जायेगी। ई–नीलामी जीआईसीएचएफ के स्वीकृत सेवा प्रदाता ''मैसर्स 4क्लोजर'' द्वारा आयोजित की जायेगी।
2. इच्छुक बोलीदाता को वेब पोर्टल https://bankauctions.in/ पर अपना नाम पंजीकृत कराना होगा तथा निःशुल्क यूजर आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त करना होगा। संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मैसर्स 4क्लोजर, # 605 ए, 6वीं मंजिल मैत्रीवनम, अमीरपेट, हैदराबाद – 500038, तेलंगाना, कार्यालय लैंड लाइन नंबरः 040–23736405; बैकएंड टीमः 8142000062 / 66, श्री प्रकाश – 8142000064 / 8142000725, prakash@bankauctions.in, श्री शैलेन्द्र कुमार, सहायक प्रबंधक, मोबाइल नंबर 9515160061 ईमेलः shailendra@bankauctions.in
सम्पत्ति संबंधी पूछताछ, सम्पर्क श्री मुर्तुजा खान 8769054480, श्री नितेश कुमार – 9876264551 से ई–नीलामी पर ऑन लाईन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।
3. यह ई–नीलामी सरफैसी अधिनियम/नियमावली, 2002 में निर्दिष्ट शर्तों तथा यहां नीचे वेबसाइट पर वर्णित नियमों एवं शर्तों तथा साथ ही इच्छुक / भाग लेने वाले बोलीदाताओं द्वारा जमा की जाने वाली प्रस्ताव/बोली दस्तावेज में वर्णित शर्तों के अधीन होगी।
4. प्रत्येक बोलीदाता को ऑन लाइन ई–नीलामी में भाग लेने के लिये उनका स्वयं का ई–मेल पता होना चाहिये।
5. जीआईसीएचएफ के प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष योग्य निविदाकार के रूप में इच्छुक बोलीदाता के एक बार पंजीकृत हो जाने के बाद उन्हें दस्तावेज जमा कर ई–बोली प्लेटफार्म के माध्यम से भाग लेने के लिये अपनी अभिरूचि अभिव्यक्त करना होगा। ई–नीलामी सेवा प्रदाता से अपना लॉगिन आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त करने का एकांकी उत्तरादायित्व निविदाकार/ऑनलाइन बोलीदाता का हीं होगा।
6. उपरोक्त सम्पत्तियों का ऊपर वर्णित आरक्षित मूल्य से कम में नहीं बेचा जायेगा।
7. इच्छुक बोलीदाताओं को जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में डीडी/आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से उपरोक्त संबंधित आरक्षित मूल्य का 10% जमा धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करना आवश्यक है। बैंक विवरण इस प्रकार हैः बैंक का नामः यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, खाता संख्याः 005111010000039 – खाता नामः जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड नीलामी खाता, शाखा नामः एलसीबी, फोर्ट पताः यूबीआई, 239 बैकबे रिक्लेमटियो नरीमन पॉइंट मुंबई महाराष्ट्र पिन कोड 400021. आईएफएससी कोड – UBIN0800511.
8. सफल बोलीदाता/ओं के मामले में उक्त जमा राशि समायोजित की जायेगी अन्यथा वापस कर दी जायेगी। उक्त धरोहर राशि भुगतान पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा।
9. उपरोक्त धरोहर राशि भुगतान (ईएमडी) के साथ प्रस्ताव सेवा प्रदाता के पास पैन कार्ड एवं पते के प्रमाण सहित ईएमडी तथा केवाईसी दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रति के साथ पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से या तो 'ऑन लाइन' जमा की जायेगी अथवा बोली प्रपत्र, ईएमडी, केवाईसी दस्तावेजों से युक्त मुहरबंद लिफाफे में जमा की जायेगी जो नीलामी की तिथि से एक दिन पूर्व तक ऊपर वर्णित जीआईसी हाउसिंग फाइनांस लि. के संबंधित शाखा कार्यालयों में पहुंच जाना चाहिये।
10. कि, निविदा को खोलने के बाद इच्छुक बोलीदातों जिन्होंने आरक्षित मूल्य से ऊपर अपनी बोली जमा किये हों, को प्राधिकृत अधिकारी की एकाकी इच्छा पर अपनी बोली राशि में वृद्धि करने का अवसर दिया जायेगा।
11. सफल बोलीदाता/ओं को बिक्री के संदर्भ में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के तत्काल बाद पूर्व प्रदत्त ईएमडी को समायोजित करते हुए 25% बिक्री मूल्य का भुगतान करना होगा अन्यथा जमा की गई धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। शेष 75% बिक्री मूल्य का भुगतान प्राधिकृत अधिकारी की एकाकी इच्छा पर बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर किया जायेगा। निर्धारित अवधि में शेष राशि के भुगतान में विफल होने पर पहले से जमा की गई राशि जब्त कर ली जायेगी। प्राधिकृत अधिकारी को सफल संविदाकार की जब्ती की कोई अन्य सूचना देने की आवश्यकता नहीं होगी।
12. बोलीदाता ''केविएट एम्पट'' (वायर बीवेअर) के सिद्धांत से बंधे हुए हैं तथा उन्हें सलाह दी जाती है कि किसी प्रकार का अधिभार, सांविधिक देयताओं, सम्पत्ति कर के बकायों, आय कर, आवकारी शुल्क, श्रमिकों के बकाया, बिजली तथा रखरखाव के लिये फर्म अथवा प्रतिभूत परिसम्पत्ति के बकाये का पता लगाने के लिये अपने स्वयं का ड्यू डिलिजेन्स कर लें। सफल बोलीदाता/ओं को बिक्री मूल्य के अतिरिक्त संबंधित सम्पत्तियों से जुड़ी सभी आउटगोंइंग्स सहित सभी लम्बित आउटगोइंग जैसे म्युनिसिपल करों, रख रखाव/ सोसायटी चार्जेज, बिजली चार्जेज, पानी शुल्कों, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण चार्जेज, बिक्री कर (यदि लागू हो) का भी वहन करना होगा।
13. सफल बोलीदाता/ओं को बिक्री प्रमाण पत्र पर देय चार्जेज/शुल्कों जैसे पंजीकरण शुल्क, स्टाम्प शुल्क, करों अथवा अपने नाम में प्रतिभूत परिसम्पत्ति को अंतरित कराने के लिये देय अन्य किसी शुल्कों का वहन करना होगा।
14. बिक्री प्रमाणपत्र सम्पूर्ण/बिक्री मूल्य की प्राप्ति पर केवल सफल बोलीदाता के नाम में ही जारी की जायेगी।
15. एतद्द्वारा ऋणधारकों, मार्टगैजरों तथा गारन्टरों को सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी बिक्री के नियमों एवं शर्तों के अनुसार उपरोक्त सम्पत्ति की खरीद के लिये वे इच्छुक बायर / क्रेता को भी ला सकते हैं।
16. उसके लिये अनुरोध करने तथा प्राधिकृत अधिकारी की सुविधा के अनुसार उपरोक्त सम्पत्तियों के निरीक्षण की अनुमति दी जा सकती है।
17. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम प्रस्ताव या किसी अथवा सभी प्रस्तावों की स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं है तथा उसका कारण बताये बिना किसी या सभी निविदाओं को स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार उन्हें प्राप्त है।
18. जीआईएचएफएल उपरोक्त सम्पत्तियों पर लम्बित किसी भी देयताओं के लिये उत्तरदायी नहीं है। सम्पत्ति की बिक्री **''जैसा है जहा है'', ''जो भी जैसा है'', ''जो कुछ भी वहां है'' तथा ''उपचार-रहित आधार''** पर की जायेगी।
19. यदि कर्जदार/बंधककर्ता बिक्री की पुष्टि से पहले जीआईसीएचएफएल से संपर्क करते हैं, तो अनुबंध संबंधी बकाया + व्यय + बिक्री की घोषणा की तिथि से 15% की दर से ब्याज + खरीद राशि का 5% (बिक्री के बाद की स्थिति में जो सफल बोलीदाता को भुगतान किया जाना है) की पेशकश करते हैं और बिक्री को रद्द करने का अनुरोध करते हैं, तो जीआईसीएचएफएल राशि स्वीकार करेगा और बंधककर्ता को कब्जा सौंप देगा।
20. उच्चतम बोलीदाता को बिक्री नोटिस के अनुसार बोली राशि का 25% (जमा की गई धरोहर राशि सहित) तुरंत भुगतान करना होगा और बोली राशि का शेष 75% 15 दिनों में या पार्टियों (एओ और सफल बोलीदाता) के बीच सहमत किसी अन्य विस्तारित अवधि में देय होगा। हालाँकि, अधिकृत कार्यालय को बिक्री की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद बिक्री प्रमाण पत्र की पुष्टि करनी होगी और किसी भी मामले में बिक्री की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति से पहले बिक्री की पुष्टि नहीं की जानी चाहिए। पूर्ण भुगतान प्राप्त होने के बाद ही बिक्री की पुष्टि की जानी चाहिए और बिक्री प्रमाण पत्र जारी किया जाना चाहिए।
21. न्यूनतम बोली वृद्धि मूल्य 10,000/– रुपये है।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत वैधानिक 30 दिवसीय बिक्री सूचना

बिक्री की विस्तृत शर्तों और संपत्तियों के पूर्ण विवरण के लिए कृपया अनुमोदित ई–नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स 4 क्लोजर की वेबसाइट और https://bankauctions.in वेबसाइट देखें।

तिथिः 31.05.2025
स्थानः गुड़गाँव

कृते जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि.
हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी

सरकारी स्कूलों को बनाना अभिभावकों की पहली पसंद बनाना है : मुख्यमंत्री

बच्चों के साथ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व अन्य।

● 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को टेबलेट देकर किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि उनकी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नीति-निर्माण को प्राथमिकता दे रही है, जिससे हर सरकारी स्कूल में छात्रों को स्मार्ट क्लासरूम, स्वच्छ शौचालय, डिजिटल लाइब्रेरी और प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हों। अब समय आ गया है कि सरकारी स्कूलों को अभिभावकों की पहली पसंद बनाया जाए। जिस तरह से उच्च शिक्षा के लिए लोग सरकारी कॉलेज जैसे दिल्ली विश्वविद्यालय को प्राथमिकता देते हैं, उसी प्रकार स्कूल स्तर पर भी सरकारी संस्थान गर्व और गुणवत्ता के प्रतीक बनें।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार के 100 दिन पूरे होने पर शुक्रवार को राजकीय प्रतिभा बाल विकास विद्यालय, राजपुर रोड में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्डकी 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 87 छात्रों को टेबलेट देकर सम्मानित किया। जिनमें 16 छात्र 10 वीं और 71 छात्र 12 वीं कक्षा के हैं । इसके अतरिक्त मुख्यंत्री ने 20 सरकारी स्कूलों के प्रमुखों को कंप्यूटर देकर सम्मानित किया जिनके स्कूलों का 10 वीं और 12 वीं में 100 प्रतिशत परिणाम आया है। मुख्यमंत्री ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए कहा कि आज उनकी मेहनत रंग लाई है। गुप्ता ने कहा कि आप सभी ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। आज आप न केवल अपने माता-पिता और स्कूल का, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ा रहे हैं।

दिल्ली सरकार को अपने सभी छात्रों पर गर्व है। यह सफलता केवल अंकों की जीत नहीं है, बल्कि यह छात्रों के कठिन परिश्रम, अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ता और जीवन के प्रति उनके सकारात्मक सोच की मिशाल है। उन्होंने छात्रों से यह भी कहा कि अगर उनकी इच्छा है, विजन स्पष्ट है और मेहनत की है, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। मुख्यमंत्री ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए बताया कि वह खुद दिल्ली सरकार के अशोक विहार स्कूल से पढ़ी हैं।

मुख्यमंत्री ने सरकार के 100 दिन पूरे होने पर शिक्षा के क्षेत्र में उठाए गए ठोस कदमों को लेकर सभी अधिकारियों, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन 100 दिनों में सरकार ने स्कूल प्रशासन, बुनियादी ढांचे, आधुनिक लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल सुविधाओं और बहुभाषी शिक्षा के लिए नीतिगत फैसले लिए हैं, ताकि छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। उन्होंने कहा छात्रों को सिर्फ परीक्षा परिणाम के आंकड़ों के लिए नहीं, बल्कि समग्र विकास के लिए तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने पिछली सरकारों की उस नीति की आलोचना की जिसमें कमजोर छात्रों को रिजल्ट सुधारने के लिए परीक्षा छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता था।

उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार सभी बच्चों को साथ लेकर चलेगी, उन्हें समान अवसर देगी और जिन बच्चों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, उन्हें भी पूरा सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि अगली बार सरकारी स्कूल 100 फीसदी परिणाम की दिशा में काम करें ताकि दिल्ली पूरे भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बने।

'गोवा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देश का गौरव'

नई दिल्ली। दिल्ली सचिवालय में गोवा दिवस के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रंगारंग समारोह का आयोजन कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग की ओर से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने कहा, दिल्ली में गोवा के नागरिक बड़ी संख्या में निवास करते हैं, जो अपनी मेहनत और कर्मठता से न केवल अपने राज्य, बल्कि पूरे देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। गोवा अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, और विकास की भावना के लिए भी प्रसिद्ध है। च

ऑनलाइन पोर्टल पर बेचते थे चोरी थी कार, गिरफ्तार

नई दिल्ली। लग्जरी कारों को चोरी करने के लिये ऑनलाईन टूलस व उपकरण मंगवाकर चोरी करते। कारों को बेचने के लिये कारों के नकली दस्तावेज बनाते।

कारों के इंजन और चेसिस नंबरों से छेड़छाड़ करते। फिर उनको बेचने के लिये कार 24 जैसे ऑनलाइन पोर्टल पर बेच दिया करते थे। ऐसे एक अंतर्राज्जीय गैंग के सदस्य राकेश पटेल उर्फ पप्पू को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से आठ वाहन,नकली नंबर प्लेट, नकली आर/सी और डुप्लीकेट रिमोट चाबियाँ बरामद की गई हैं। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

यौन शोषण का आरोपी पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दयालपुर इलाके में एक सात वर्षीय बच्ची के यौन शोषण के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी जाफराबाद इलाके में इसी तरह के अपराध में शामिल रहा था।

आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। आरोपी की पहचान दानिश (35) निवासी कर्दमपुरी के रूप में हुई है। वह पेशे से पेंटर का काम करता है। बीती तीन अप्रैल को नेहरू विहार निवासी एक महिला ने सूचना दी थी कि उसकी

सात साल की बेटी पड़ोस में गयी थी, जब वह वापस घर लौटी तब वह रो रही थी। जब उससे पूछा गया तो उसने बताया कि गली में उसे एक अज्ञात व्यक्ति मिला था जो उसे नेहरू विहार की गली नंबर-11 में बने एक हॉल में ले गया था और उसने अपनी पेंट उतारकर उसे गलत तरीके से छूना शुरू कर दिया। किसी के आने की आहत सुनकर वह वहां से भाग गया।

सुंदर की हत्या करने वाला चौधरी गैंग का शूटर पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सराय रोहिल्ला इलाके में गैंगस्टर सुंदर की दिन दहाड़े हत्या करने वाले गैंगस्टर रोहित चौधरी गैंग के शूटर अंतर्राज्जीय बदमाश जावेद को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 28 जून, 2017 की शाम करीब 4 बजे, मंडोली जेल में आरोपी जावेद ने अपने साथियों के साथ मिलकर गैंगस्टर सुंदर गैंग के बदमाश गौरव कोहली पर चाकू और पेचकस से जानलेवा हमला किया था। हर्ष विहार पुलिस ने आरोपी महेश उर्फ मनु, महावीर उर्फ रॉकी, मोहम्मद जावेद और संदीप के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया था। चार आरोपियों में से केवल महेश उर्फ मनु को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य आरोपियों को पीओ घोषित कर चार्जशीट किया गया।

तब से आरोपी मोहम्मद जावेद फरार हो गया था। अपराध शाखा में तैनात एसीपी वर्ष 2015 में उसने अपने अन्य साथियों रोहित चौधरी और रवि ज्ञानेश्वर उर्फ जोजो के साथ मिलकर इंद्रलोक लाल बत्ती पर दिनदहाड़े गैंगस्टर सुंदर की हत्या कर दी थी। वह रोहित चौधरी और सुंदर गैंगस्टर के बीच प्रतिद्वंद्विता का गैंगवार था। सुंदर ने तिहाड़ जेल में रोहित चौधरी के करीबी सहयोगी अर्जुन की हत्या की थी।

लापता लड़की और किशोरी को यूपी से खोज निकाला

नई दिल्ली। नरेला और बुराड़ी इलाके से लापता किशोरी और लड़की को अपराध शाखा ने बरेली और मथुरा यूपी से अपराध शाखा ने सकुशल बरामद किया है।

पिछले साल 14 नवंबर को नरेला इलाके से किशोरी लापता हुई थी। एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर शिव राम के निर्देशन में पुलिस टीम ने पीड़िता के माता-पिता और रिश्तेदारों से जानकारी एकत्र करने के बाद पुलिस टीम ने बरेली से सकुशल बरामद किया।

जबकि पिछले साल चार अक्टूबर को स्वरूप विहार, बुराड़ी से लापता 20 वर्षीय लड़की को एसीपी अजय कुमार की पुलिस टीम ने सात महीने की मशक्कत के बाद मथुरा, यूपी से कुशल ढूंढ लिया।

उड़ान शुरू होते ही मिलेगी स्मार्ट टैक्सी सेवा

● एयरपोर्ट प्रबंधन ने उबर से किया समझौता

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तेजी से तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। इसी दिशा में एयरपोर्ट प्रबंधन ने उबर के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है।

इस करार के तहत, एयरपोर्ट से यात्रियों को लाने और ले जाने के लिए उबर ऐप-आधारित टैक्सी सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा के जरिए यात्री उबर ऐप के माध्यम से टैक्सी बुक कर सकेंगे, जिसमें ऑनलाइन पेमेंट, रियल टाइम ट्रैकिंग, और आपात स्थिति में उपयोग के लिए एसओएस बटन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इससे यात्रियों को न केवल सुगम और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा, बल्कि उन्हें अंतिम मील की यात्रा में भी किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। यह सेवा नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद, गुरुग्राम और यहां तक कि आईजीआई एयरपोर्ट तक भी कनेक्टिविटी को सुगम बनाएगी। इससे पहले दिसंबर में एयरपोर्ट प्रबंधन ने महिंद्रा लॉजिस्टिक्स के साथ ई-टैक्सी सेवाओं के लिए भी करार किया था। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा, हमारा उद्देश्य यात्रियों की यात्रा को घर से लेकर गंतव्य तक पूरी तरह से आरामदायक और सुगम बनाना है। उबर जैसी विश्वसनीय ऐप-आधारित सेवाएँ अंतिम मील की यात्रा को सुरक्षित और आसान बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। इसके साथ ही एयरपोर्ट प्रबंधन ने विभिन्न राज्यों के साथ बस कनेक्टिविटी के लिए भी समझौते किए हैं।